आपरेशन सिन्दुर की सफलता पर पावटा में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

पावटा। ऑपरेशन सिंदूर की निर्णायक जीत का सम्मान करने और वैश्विक मंच पर भारत की सैन्य शक्ति का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को पावटा बालाजी मंडल के नेतृत्व में पावटा कस्बे के सब्जी मंडी गेट से कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य के रूप में मौजूद रहे।

- **हमें अपनी बहादुर सेना पर गर्व है, जिसकी वीरता आज विश्व स्तर पर गूंजती है- कुलदीप धनकड**

वही तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी ने की। पूरा माहौल देशभक्ति के रंगों में डूबा हुआ था और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज रहा था। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व उपलब्धियों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना था। यह तिरंगा यात्रा गौरव के ऐतिहासिक क्षण का प्रतीक है, क्योंकि यह विश्व इतिहास में पहली बार था कि किसी पड़ोसी परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र पर उसके ही क्षेत्र में हमला किया गया। मात्र 90 मिनट में 11 पाकिस्तानी एयरबेस नष्ट कर दिए गए और 100 से अधिक आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। जिससे भारत की सुरक्षा मजबूत हुई। इस ऑपरेशन ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अद्वितीय निर्णय लेने की क्षमता और भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस को उजागर किया, जिससे वैश्विक मान्यता मिली।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन व्यक्त करना था, बल्कि युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति, अनुशासन और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान की भावना को गहरा करना भी था। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा यह तिरंगा यात्रा देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले हमारे सैनिकों के अद्वितीय साहस, पराक्रम और बहादुरी को सामूहिक श्रद्धांजलि है। ऑपरेशन सिंदूर भारत के गौरव, साहस और संप्रभुता का जीवंत प्रतीक है। जिस अटूट समर्पण और बहादुरी के साथ हमारे वीर सैनिकों ने हमारी सीमाओं की रक्षा की है, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व को भी दर्शाता है।

पावटा में आपरेशन सिन्दुर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली ।

अलवर में भूमिगत जल स्तर वृद्धि के प्रयास

अलवर । नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर अलवर शहर में वर्षाजल संचय कर शहर के गिरते भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से नगर विकास न्यास, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों की संयुक्त सहभागिता से जल संरक्षण के कार्य कर रही है। इसी कडी में आज एनजीओ वीएसएसएम एवं पारीक फाउंडेशन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम ने लालखान चमेली बाग के निरीक्षण करने पर पाया कि क्षेत्र में स्थित पहाडों से वर्षाकाल के दौरान आने वाले पानी को चमेली बाग स्थित कुएं में लाने एवं एक तालाब भी कुएं के पास बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में भूमि का जल स्तर बढ सकेगा एवं क्षेत्र के निवासियों की पानी की समस्या कम हो सकेगी तथा बोरिंग से निरन्तर जल उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्य से लगभग 25 लाख लीटर जल प्रतिवर्ष भूमि में जावेगा। वहीं टीम द्वारा खुदनपुरी जोहड का निरीक्षण कर जोहड की खुदाई करके तालाब का रूप देने से क्षेत्र में पानी का जल स्तर बढेगा एवं इस स्थान का सौन्दर्यकरण भी होगा। भूमि में जल का स्तर बढने से क्षेत्र के आसपास लगभग 3 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को इससे मदद मिलेगी।

एन्टी मलेरिया माह के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे

अलवर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने जून माह में आयोजित किए जाने वाले एन्टी मलेरिया माह के तहत केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के गतिविधियां आयोजित कराने हेतु समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देश दिये कि रैलियां, चिकला प्रतियोगिताएं आदि के माध्यम से जन समुदाय को मलेरिया रोधी गतिविधियां जैसे बुखार के रोगियों की जांच करने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के साथ समन्वय करते हुए गतिविधियां आयोजित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि एन्टी मलेरिया माह के तहत अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए आमजन को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जन समुदाय को जागरूक करने के लिए हाई रिस्क क्षेत्रों जैसे आदिवासी क्षेत्र, क्रॉस बार्डर वाले क्षेत्र, जंगल के किनारों के क्षेत्र तथा अरबन/पैरी अरबन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर मच्छररोधी गतिविधियां करावे एवं रोग के तुरन्त निदान व उपचार की गतिविधियां सम्पादित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि बीएचएसएसी की बैठक में आशा, सीएचओ, एएनएम, पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन समुदाय को मच्छररोधी गतिविधियों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि दूरस्थ व पहुंच से दूर क्षेत्रों में मलेरिया डायग्नोस्टिक, दवाइयां व मच्छरदानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि सामान्य जन बुखार न होने पर नजदीकी चिकित्सा संस्थान पर जाकर अपनी मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया की जांच करवाकर व जांच में पॉजीटिव पाये जाने पर परिवारों के लोगों की भी स्क्रीनिंग एवं जांच करावे एवं तुरन्त उपचार शुरू करवाए।

आम सूचना सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मुरारीलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री दामोदर शर्मा, उम्र 68 वर्ष, निवासीः 32, बालाजी धाम, गोविन्दपुरा, कालवाड रोड, जयपुर की पौत्री दिपाली शर्मा अपना तलाक लेने के पश्चात् मेरे अभिभाष्य एवं अपनी मां सुमन शर्मा का कहना नही मानती है तथा मेरे अभिभाष्य के पुरे परिवार कि सामाजिक प्रतिष्ठा को धुमिल कर रही है। इस कारण मेरे अभिभाष्य ने दिपाली शर्मा से सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे दिपाली शर्मा के कार्य सव्यवहार की जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य की नही होगी।
जयपुर (आशीष कुमार) एडवोकेट
दिनांक-02/6/2025 मो नं. 9351944558

राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः3609 जाहिर आम-सूचना दिनांकः03.06.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 26/A5/207 (2-F) (EWS) (ANUPAM APARTMENT) (एरिया 11.480 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री इन्द्र सिंह पुत्र श्री राम सिंह को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 929 दिनांक 16.04.2025 को जारी किया गया । श्री इन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 21.03.2025 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती पुरण कंवर पत्नी स्व. श्री इन्द्र सिंह द्वारा उक्त फ्लैट को स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती पुरण कंवर पत्नी स्व. श्री इन्द्र सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-3588 दिनांक-03/06/2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 51/347 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मनमोहन शर्मा पुत्र श्री बालमुकुन्द शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1704 दिनांक 24.12.1991 को जारी किया गया। श्रीमती नूर बानू मुलतानी पत्नी श्री नबी बख्श मुलतानी के पक्ष मे उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2112 दिनांक 10.01.2001 के द्वारा किया गया। श्रीमती नूर बानू मुलतानी के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 09.02.2001 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती नूर बानू मुलतानी की मृत्यु दिनांक 29.12.2024 को हो जाने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनके उत्तराधिकारी श्री अदनान अली पुत्र श्री इमरान अली द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री अदनान अली पुत्र श्री इमरान अली का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक- 3613 **जाहिर आम-सूचना** दि. 03.06.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास संख्या 67/204 (HIG), (एरिया 190.80 वर्गमीटर), का आवंटन श्री सरदार मुहम्मद खान पुत्र श्री उमर दराज खान को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 915 दिनांक 30.06.1999 के द्वारा जारी किया गया था। श्री सरदार मुहम्मद खान के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 25.07.2001 को उप पंजीयक- सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री सरदार मुहम्मद खान द्वारा उक्त आवास को दिनांक 31.07.2015 के द्वारा श्री महेश गर्ग पुत्र श्री त्रिलोक चन्द गर्ग को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री महेश गर्ग द्वारा उक्त आवास को दिनांक 23.02.2016 के द्वारा 1. श्रीमती प्रेम त्यागी पत्नी स्व. श्री सत्यवीर सिंह त्यागी एवं श्रीमती दिव्या त्यागी पत्नी श्री राजीव त्यागी को विक्रय कर उप पंजीयक- चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। 1. श्रीमती प्रेम त्यागी एवं 2. श्रीमती दिव्या त्यागी के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 5383 दिनांक 16.08.2016 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्रीमती प्रेम त्यागी की फ्रथु दिनांक 08.05.2016 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री राजीव त्यागी पुत्र स्व. श्री सत्यवीर त्यागी द्वारा उक्त आवास का 1/2 हिस्से को स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। श्री राजीव त्यागी एवं श्रीमती दिव्या त्यागी के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 6818 दिनांक 05.03. 2025 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री राजीव त्यागी एवं श्रीमती दिव्या त्यागी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 30.04.2025 के द्वारा श्री हर्षवर्धन त्यागी पुत्र श्री राजीव त्यागी को उपहार कर उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/ क्रेती श्री हर्षवर्धन त्यागी पुत्र श्री राजीव त्यागी द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री हर्षवर्धन त्यागी पुत्र श्री राजीव त्यागी का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा। **सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर**

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-3639 दिनांक-03/06/25
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 64/69 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री गोपाल लाल शर्मा पुत्र श्री राधा किशन शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 859 दिनांक 15.02.1992 को जारी किया गया। श्री राजीव सक्सैना पुत्र स्व. श्री चेतन प्रकाश सक्सैना के पक्ष मे उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1770 दिनांक 28.03.1997 के द्वारा किया गया। श्री राजीव सक्सैना के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 29.09.1997 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राजीव सक्सैना द्वारा उक्त आवास को दिनांक 21.07.2000 के द्वारा श्री माधवेन्द्र तिवारी पुत्र श्री कृष्णमुरारी तिवाड़ी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री माधवेन्द्र तिवारी की मृत्यु दिनांक 07.05.2021 को हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनकी पुत्री श्रीमती रिचा शर्मा (तिवारी) पुत्री श्री माधवेन्द्र तिवारी पत्नी श्री अमित तिवारी द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती रिचा शर्मा (तिवारी) पुत्री श्री माधवेन्द्र तिवारी पत्नी श्री अमित तिवारी का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने लगातार तीसरे दिन भी अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी एवं डीवाईएसपी अरविन्दकुमार के निर्देशन में अवैध बजरी परिवहन व खनन की रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। गठित प्रथम टीम के पुलिस सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्रसिंह, कानि भगवान सहाय ने गश्त के दौरान गांव नोहटा मोड के पास से अवैध बजरी से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

करंट से मजदूर की मौत

राजगढ़ । थाना क्षेत्र के कबीरान का बास पटायरी की डूंगरी राजगढ़ निवासी मजदूर युवक कमल सैनी की माचाडी में करंट से मौत हो गई। युवक चिनाई मिस्त्री कार्य के लिए ठेकेदार के साथ मंगलवार प्रातः घर से गया था। इस हादसे को लेकर परिजनों एवं आसपास के लोगों ने अस्पताल परिसर मैं प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरान का बास पटायरी की डूंगरी राजगढ़ निवासी गिलाराम सैनी ने दर्ज कराया की उसका पुत्र कमल 33 वर्ष चिनाई मिस्त्री का काम करता है जो मंगलवार सुबह ठेकेदार कालूराम सैनी पटायरी की डूंगरी के साथ काम पर गया था। जिसको मृत अवस्था में एंबुलेंस के जरिए राजगढ़ चिकित्सालय लाया गया। पीड़ित पिता ने ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में ठेकेदार के नहीं आने एवं मजदूर की बॉडी एंबुलेंस में आने को लेकर परिजनों में गुस्से का आलम रहा। पीड़ित लोगों का कहना था कि डेड बॉडी के साथ किसी को आना चाहिए था। इस हादसे को लेकर आक्रोशित लोगों ने दो-तीन बार रास्ता रोक कर प्रदर्शन किया। इस सूचना पर उपाधीक्षक मनीषा मीणा, थाना प्रभारी राजेश मीणा, रेणी थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा। परिजनों की ओर से मौके पर ठेकेदार को बुलाने की मांग की। इसके पश्चात ठेकेदार एवं पीड़ित परिजनो की प्रबुद्ध लोगों की ओर से मध्यस्थता एवं समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा लाश परिजनों को सौंप दी।

हादसे को लेकर परिजनों एवं आसपास के लोगों ने अस्पताल परिसर मैं प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।

चोरों ने थोक दुकान को बनाया निशाना

- **60 हजार रुपए की नकदी व सिगरेट के 70 डंडे किए चोरी,**
- **सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर के तार काटने के बाद की चोरी**

निवाई। सोमवार की देर रात अज्ञात चोर काली का बाग रोड पर स्थित चिराग इंटरप्राइजेज से करीब 60 हजार रुपए की नकदी सहित विभिन्न ब्रांड की सिगरेट के 70 डंडे चुरा ले गए। चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने घटना को अंजाम देने से पहले सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर के तार काट दिए। दुकान के मालिक बनवारी अठावाल कोलाड़ा ने बताया कि मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने करीब सात बजे दुकान के ताले टूटे होने की सूचना दी। सूचना पर वह दुकान पर पहुंचा और दुकान में चोरी होने की सूचना पुलिस थाने पर दी। सूचना पर थानाधिकारी रामजीलाल मय जाप्ते घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

पीडित बनवारीलाल ने पुलिस को बताया कि बताया अज्ञात चोर दुकान में लगे हुए सीसी कैमरो की डीवीआर का कनेक्शन काट दिया। चोर गल्ले में रखे हुए करीब 60 हजार रुपए की चिल्लर, गोल्ड फ्लैक सिगरेट के 20 डंडे, एडवांस सिगरेट के 30 डंडे व फोर स्क्वायर सिगरेट के 20 डंडे चुरा कर ले गए। सूचना पर मृत्युंजय मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और थानाधिकारी से घटना की जानकारी ली। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खगालें हैं। जिसमें अज्ञात चोर एक बाइक पर सवार होकर करीब 2 बजे आते हुए दिखाई दे रहें हैं। चोरों ने अपने चेहरों को कपड़े से ढक रखा है।

एक शाम भगवान महावीर के नाम, जैन भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

- **जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा एवं दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा जैन भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा**

निवाई। जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा एवं दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा जैन भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडा। भजन संध्या प्रांगण को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। जिसमें भगवान महावीर की विधुत उपकरणों से आकर्षक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम संयोजक विमल जौंला ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ जैन समाज के सुरेशचन्द, महेन्द्र कुमार, संजय, सुनील, अनिल, टोनी भाणजा व गणेश गोयल परिवार द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण शकुंतला भाणजा, रेणू भाणजा, कविता, राजूल, सपना भाणजा व सरिता गोयल ने किया। भजन संध्या से पूर्व आयोजन समिति द्वारा गायिका दिशी जैन बांसवाडा, गायक महेश दरगड़, गायक विमल जौंला, गायक अजीत काला एवं गायक विमल सोगानी का केलाशचंद, ताराचंद, प्रेमचंद, विष्णुकुमार, राजेन्द्र, रमेश बोहरा, कांठोस नेता राजेश गुरुजी, अमित कटारिया हितेश छाबड़ा, दिलीप भाणजा, मनोज पाटनी, राकेश संघी, कमलेश खंडेलवाल, पवन बोहरा व संजय कावट ने राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत किया। भजन संध्या की शुरुआत मुख्य गायक कलाकार गायिका सुश्री दिशी जैन एण्ड पार्टी बांसवाड़ा एवं अन्तर्मना म्यूजिकल ग्रुप ने णमोकार महामंत्र एवं भगवान महावीर की वन्दना से शुरुआत की। गायिका दिशी जैन एवं गायक महेश दरगड़ ने णमोकार मंत्र है प्यारा भजन के साथ शुरुआत की जिसमें श्रद्धालुओं ने तालियां बटोरी। इसी प्रकार मैं तो अपने बाबा के धाम चली रे, मेरे महावीर झूले पलना, ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, मेरे बाबा तेरी नोकरी, जब से प्रभु दर्श मिला सहित कई भजनों प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रद्धालु झूम उठे एवं जमकर भक्ति नृत्य किया। गायक महेश दरगड़ ने करुणा के भण्डार हमारे महावीरा सहित कई राजस्थानी धूमर भक्ति के साथ भगवान महावीर के भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें श्रद्धालु जमकर झूमे। भजन संध्या का दौर देर रात तक चला जिसमें भगवान महावीर के एक से बढकर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मे महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सामुहिक नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन विमल जौंला एवं पवन बोहरा ने किया। भजन संध्या में भाणजा परिवार ने सभी महिलाओं के स्वागत सत्कार कर तिलक लगाया। भजन संध्या में विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल, सखी महिला संगठन, धर्म प्रभावना महिला मण्डल, नसियां मंदिर महिला मण्डल, णमोकार महिला मण्डल सहित कई संगठनों ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

वाटर कूलर का लोकार्पण

लोकार्पण समारोह में परिजनों के साथ -साथ अनेकानेक लोग मौजूद रहे।

श्रीमाधोपुर। निकटवर्ती अजीतगढ़ कस्बा वासियों के प्रति जागरुक दृष्टिकोण रखने वाले, किसी के भी प्रति दुराठाह नहीं रखने वाले, विराट व्यक्तित्व के मालिक "बाबूभाई "उर्फ़ बाबूलाल कुमावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में मालती कुमावत पूर्व सरपंच अजीतगढ़ द्वारा लोकहितार्थ में समर्पित वाटर कूलर का रिमझिम बारिश के बीच केरली में स्कूल से थोड़ी आगे सामने की तरफ सड़क किनारे लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह में परिजनों के साथ -साथ अनेकानेक लोग मौजूद रहे। विदित रहे कि स्वर्गीय बाबूलाल कुमावत श्रीमाधोपुर के पूर्व उपप्रधान एवं अजीतगढ़ के पूर्व सरपंच के रुप में चर्चित रहे। गत वर्ष प्रथम पुण्यतिथि पर श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ में भी वाटर कूलर मय आरओ फिल्टर प्रदान किया गया था। स्वर्गीय बाबूलाल कुमावत के पुत्रों एडवोकेट अभिषेक कुमावत एवं मेडिकल स्टोर चलाने वाले अखिलेश मारोड़िया ने जानकारी दी कि वाटर कूलर से राहगीरों सहित सभी लोगों को राहत मिलेगी।

योग दिवस की तैयारी

निवाई। गांव लुहारा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत 30 दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिदिन निरंतर कर रहे योगाभयास। प्रशिक्षक अशोक लांगडी ने बताया कि आयुर्वेद विभाग टोंक के उपनिदेशक डॉ. हनुमानप्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार योगाभ्यास किया जा रहा है। केंद्र प्रभारी डॉ. धर्मराज मीणा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक नियमित योग सत्र आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें युवा उत्साह पूर्वक निरंतर भाग ले रहे हैं।

सर्विस लाइन मार्ग के जाम में फंसी सायरन बजाती रही एंबुलेंस

- **सर्विस लाइन से अस्पताल तक पहुंचने में छूट जाते है पसीने, प्रतिदिन परेशान होते हैं ग्रामीण**
- **तीन यातायात पुलिसकर्मियों के होने के बावजूद जाम में अटकी मरीजों की जान**

पावटा। उपजिला अस्पताल पावटा में मरीजों को लेकर आने वाली एम्बुलेंस को कस्बे की बदहाल यातायात व्यवस्था का प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। एम्बुलेंस चाहे जिस मार्ग से आए उनका जाम में फंसना लगभग तय रहता है। हालत यह है कि शहर में घुसने के बाद मरीज को अस्पताल के अंदर तक पहुंचाने में एम्बुलेंस को बीस से तीस मिनट का समय लग जाता है। ऐसा नजारा दिन भर देखने को मिलता है, जब एम्बुलेंस जाम में फंसी सायरन बजाती रहती है लेकिन उसको राह नहीं मिलती है। मंगलवार को भी एम्बुलेंस कस्बे के सर्विस लाइन मार्ग मे जाम में फंसी रही। करीब 15 मिनट तक ड्राइवर सायरन बजाते रहे।

लेकिन एम्बुलेंस को राह नहीं मिली। इसका मुख्य कारण चौराहे व सर्विस लाइन पर जगह-जगह अवैध पार्किंग कर दुपहिया व चौपहिया वाहनों का अतिक्रमण है । बेतरतीब वाहन खड़ा रहने के कारण भारी वाहन आने पर जाम की समस्या हो जाती है । आए दिन अस्पताल से निकलते ही जाम में फंसना आम बात हो गई है। सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग और ट्रैफिक नियंत्रण की लचर व्यवस्था के कारण एंबुलेंस को हर बार भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

एंबुलेंस की आवाज से भी जब प्रशासन नहीं जागता, तो आम जन की पीड़ा कौन सुनेगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सर्विस रोड पर अक्सर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे मार्ग बाधित होता है। यह समस्या न सिर्फ मरीजों, बल्कि पूरे शहरवासियों के मानसिक तनाव का कारण बन रही है। गंभीर बात तो यह रही कि यातायात का जिम्मा संभाल रहे पुलिसकर्मी भी नजर नहीं आए। इस दौरान गाड़ी के अंदर बैठे मरीज और उसके परिजन बदहाल व्यवस्था को कोसते नजर आए।

यहां तक कि मरीजों को लाने ले जाने वाली एम्बुलेंस जाम के चलते कछुआ गति से चलती है व अस्पताल के गेट तक जाम में फंसती है। हालत यह है कि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। सर्विस लाइन से लेकर अस्पताल तक पहुंचने में उसको आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। स्थिति उस समय खराब हो जाती है जब एम्बुलेंस में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीज को अस्पताल लेकर आती है। यह समस्या कोई एक दिन की नहीं है बल्कि आए दिन एम्बुलेंस जाम का शिकार होती है। जिस तरह से अधिकारी समस्या को नजरअंदाज कर रहे है उससे शीघ्र व्यवस्था सुधरने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। आखिर कस्बे की सर्विस लाइन को जाम से कब मुक्ति मिलेगी। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जब जाम न लगता हो। दिन में एक दो बार नहीं बल्कि दर्जनों बार जाम लगता है। इसके बाद भी अधिकारी व्यवस्था सुधारने को लेकर गंभीर नहीं है। सवाल यह उठता है कि आखिर इस बदहाल व्यवस्था में कब सुधार होगा। बुधवार को भी सर्विस लाइन पर भीषण जाम लगा रहा। जिससे सैकड़ों वाहन जाम में फंसे व भीषण गर्मी से पसीनो में लथपथ वाहन चालक प्रशासन को कोसते नजर आए।

श्योसिंहपुरा में निकाली घास भैरू की सवारी

सिरस। श्योसिंहपुरा गांव में घास भैरू की सवारी निकाली गई। गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित घास भैरू की पूजा अर्चना के बाद सवारी रवाना हुई। घास भैरू की सवारी के दौरान श्रद्धालु घास भेरू के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। तो महिलाएं भी नाचते गाते चल रही थी। घास भेरू सवारी स्टेशन सडक़, मुख्य बाजार, नाथो का मोहल्ला, रघुनाथ मंदिर के सामने होती हुई श्योसिंहपुरा गांव पहुंची ।यहां लोगों ने घास भैरो को तेल माला प्रसाद आदि चढाया। रास्ते में जगह-जगह छोटे बच्चों को घास भेरू के ढोक लगाकर उनके निरोगी रहने की कामना की। घास भैरू की सवारी में लोग भेरुजी के भजनों पर नाचते गाते चल रहेथे। इस मौके पर तेजमल, कृष्ण, अंबर लाल, रतन लाल जाट, शिवजी जाट ,हेमराज मीणा, नाथू लाल, छीतर लाल जाट, शंकर जाट, कैलाश प्रजापत, प्रभु प्रजापत, बजरंग लाल प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर
Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com, Phone No. 01423-230025
क्रमाकः-पंसगो / लेखा/ई-निविदा/2025/33 दिनांकः-03.06.2025
निविदा सूचना संख्या /2025-26
पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनओं में स्वीकृत कार्यों / संकर्म / सेवाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र मे आफलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
NIB NO- PFA2526A0132 से PFA2526A0140 तक, PFA2526A0157 से PFA2526A0172 तक UBN NO-PFA2526WSOB00132 से PFA2526WSOB00140 तक, PFA2526WSOB00158 से PFA2526A0172 तक
विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर)

कार्यालय नगर परिषद, दौसा
लालसोट रोड दौसा 303303
फोन व